**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**25.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे**

**प्रधानमंत्री–फिजी समझौते**

भारत और फिजी ने आज नई दिल्ली में स्वास्थ्य, मानकीकरण, क्षमता निर्माण और व्यापक प्रभाव वाली परियोजनाओं से संबंधित सात समझौतों पर हस्ताक्षर किए। फिजी के प्रधानमंत्री के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि फिजी की राजधानी सुवा में भारत के सहयोग से एक सौ बिस्तरों वाला सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल बनाया जाएगा। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि फिजी में जन औषधि केंद्र भी खोले जाएंगे जिससे लोगों को सस्ती और उच्च गुणवत्ता की दवाईयां मिलेंगी। ।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आतंकवाद मानवता के लिए बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि भारत और फिजी ने रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र में आपसी सहयोग को मज़बूत करने का निर्णय लिया है।

नरेन्द्र मोदी ने कहा कि जलवायु परिवर्तन फिजी के लिए गंभीर चिंता का विषय है और इस संदर्भ में, दोनों देश नवीकरणीय ऊर्जा पर मिलकर काम कर रहे हैं।

.......................................................

**मुकेश अग्निहोत्री**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने हिमाचल पथ परिवहन निगम के चालकों व परिचालकों को बरसात के मौसम में बस चलाते समय सावधानियां बरतने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि भारी बारिश के चलते सड़कों पर जगह–जगह ल्हासे गिर रहे हैं और ऐसे में किसी भी तरह का जोखिम नहीं लिया जा सकता है। अग्निहोत्री ने चालकों को प्रतिदिन एचआरटीसी डिपुओं में रिपोर्ट करने को कहा है।

.......................................................

**विक्रमादित्य सिंह**

लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने विभाग को आपदा प्रभावित क्षेत्र में टूटी सड़कों के टैंडर करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आपदा से लोकनिर्माण विभाग को भारी नुकसान हुआ है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि विभाग बाधित सड़कों को यातायात के लिए बहाल करने में जुटा है।

.......................................................

**मौसम**

प्रदेश में लगातार हो रही मॉनसून की बारिश से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। मूसलाधार बारिश के कारण प्रदेशभर में नदी–नाले उफान पर हैं। मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटों के

लिए चम्बा और कांगड़ा जिलों में तेज बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। इस बीच, कुल्लू, मंडी, हमीरपुर, ऊना और बिलासपुर जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने और भूस्खलन संभावित इलाकों और नदियों–नालों के पास के स्थानों से बचने की अपील की है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता..............

----------------------------------------------------

**भाजपा बैठक**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल की अध्यक्षता में ऊना में पार्टी की राज्यस्तरीय संगठनात्मक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सहप्रभारी संजय टंडन, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर, संगठन महामंत्री सिद्धार्थन और महामंत्री व राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर बिंदल ने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा दो तिहाई बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। उन्होंने 2047 तक विकसित भारत का संकल्प भी दोहराया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने पार्टी कार्यकर्ताओं से आने वाले पंचायती राज व नगर निकाय चुनाव के लिए कमर कसने का आह्वान किया।

----------------------------------------------------

**मंडाविया भारत खेल**

खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि भारत का लक्ष्य स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष – 2047 तक खेल क्षेत्र में विश्व के शीर्ष पांच देशों में शामिल होना है। अहमदाबाद में राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन प्रतियोगिता के उद्‌घाटन समारोह में मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने खेल क्षेत्र में जबर्दस्त प्रगति की है और कई सुधार लागू किए हैं। प्रधानमंत्री ने अगले दस वर्ष में भारत को विश्व के शीर्ष दस देशों में लाने का लक्ष्य रखा है। खेलमंत्री ने कहा कि देश में खेलकूद के अनुकूल माहौल सृजित किया जाना समय की आवश्यकता है और सरकार इसके लिए प्रतिबद्ध है। मांडविया ने कहा कि संसद के पिछले सत्र में सरकार ने खिलाड़ियों के हित में खेल प्रशासन विधेयक पेश किया। यह विधेयक राष्ट्रीय खेल परिसंघों में महिलाओं के प्रतिनिधित्व पर बल देता है।

----------------------------------------------------